# Daily Current Affairs

**Date : 16 December, 2025**

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | हील इन राजस्थान पॉलिसी – 2025 |
| 2. | राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी |
| 3. | इंटरनेशनल वीमेन ऑफ करेज अवॉर्ड 2025 : डॉ. कृति भारती |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. महर्षि दयानंद पैनोरमा : अजमेर<br>2. 'डेयरी के स्वर्णिम दो वर्ष : ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त उत्कर्ष' (पुस्तक)<br>3. सरोश खान : 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप कॉम्पिटिशन में स्वर्ण पदक<br>4. विधायक निधि में भ्रष्टाचार की रोकथाम हेतु समिति का गठन<br>5. 7वीं जूनियर स्टेट बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप<br>6. राजस्थान विधान सभा में युवा संसद<br>7. 'बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत' कार्यक्रम : बाराँ<br>8. लाडली मीडिया एंड एडवर्टाइजिंग अवॉर्ड्स फॉर जेंडर सेंसिटिविटी – 2025 |
| 5. | कोलसेतु नीति (Coal SETU Policy) |
| 6. | पोंडुरु खादी |
| 7. | पैक्स सिलिका पहल |
| 8. | ऑपरेशन थंडर - 2025 |
| 9. | महाक्राइमओएस एआई (MahaCrimeOS AI) |
| 10. | इंडियाज एम्प्लॉयमेंट प्रॉस्पेक्ट्स: पाथवेज टू जॉब्स रिपोर्ट |
| 11. | सरदार वल्लभभाई पटेल |
| 12. | सम्राट पेरुंबिडुगु मुथारैयार द्वितीय (सुवरन मारन) |
| 13. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ब्रिज समिट – 2025 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## हील इन राजस्थान पॉलिसी – 2025

**चर्चा में क्यों?**

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा 15 दिसंबर, 2025 को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS), जयपुर में आयोजित 'राज्य स्तरीय आरोग्य शिविर' में 'हील इन राजस्थान पॉलिसी – 2025' का विमोचन किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **नोट :** राजस्थान को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे के साथ–साथ प्रमुख मेडिकल टूरिज्म हब बनाने के उद्देश्य से जुलाई, 2025 में राजस्थान मंत्रिमण्डल द्वारा मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान पॉलिसी) 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया था।

**नीति के उद्देश्य :**

- राजस्थान को सुलभ, किफायती लागत और भरोसेमंद मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (MVT) डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना।
- स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्रों को एकीकृत करके आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और वैश्विक ब्रांडिंग को बढ़ावा देना।
- इस नीति के अनुसार निवेशकों को राजस्थान निवेश संवर्धन योजना (RIPS), राजस्थान औद्योगिक विकास नीति और पर्यटन नीति के तहत प्रोत्साहन उपलब्ध कराये जायेंगे तथा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) और वायबिलिटी गैप फंडिंग (VGF) का भी उपयोग किया जाएगा।

**फायदे :**

- गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (MVT) से जुड़े डिजिटल इकोसिस्टम का विकास सुनिश्चित होगा।
- राजस्थान में स्थित मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित हो सकेंगे।
- पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों ; जैसे - आयुर्वेद, योग, यूनानी और सिद्ध को बढ़ावा मिलेगा।
- इस पॉलिसी के तहत एक समर्पित MVT सेल की स्थापना की जायेगी तथा MVT सुविधा प्रदाता और सेवा प्रदाताओं को प्रमाणित किया जायेगा।
- पॉलिसी के तहत टेलीमेडिसिन, बायोटेक्नोलॉजी और एप-आधारित डायग्नोस्टिक्स में प्रगति को बढ़ावा दिया जायेगा। साथ ही, टेलीकंसल्टेशन और बहुभाषी हेल्पलाइन सेवाएँ स्थापित की जाएगी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **फेरिक कार्बोक्सिमाल्टोज इंजेक्शन अभियान :** राज्य में गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से मुक्त करने हेतु 'फेरिक कार्बोक्सिमाल्टोज इंजेक्शन अभियान' की शुरुआत की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी

## चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 15 दिसंबर, 2025 को जयपुर में 'राज्य स्तरीय प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- **स्थल :** जवाहर कला केंद्र, जयपुर।
- **आयोजक :** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान।
- **अवधि :** 15 से 18 दिसम्बर, 2025 तक।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- मुख्यमंत्री द्वारा हनुमानगढ़ एवं भिवाड़ी में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की नवीन आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इंटरनेशनल वीमेन ऑफ करेज अवॉर्ड 2025 : डॉ. कृति भारती

## चर्चा में क्यों?

- BBC द्वारा 100 प्रेरणादायी महिलाओं की सूची में शामिल डॉ.कृति भारती को हाल ही में 'इंटरनेशनल वीमेन ऑफ करेज अवॉर्ड - 2025' से सम्मानित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- डॉ. कृति भारती मूलरूप से जोधपुर की निवासी है तथा सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक है।
- उन्हें यह सम्मान बाल विवाह रोकथाम और बाल व महिला संरक्षण की प्रेरक साहसिक मुहिम के लिए प्रदान किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रदानकर्ता :** अखिल भारतीय मानवाधिकार, स्वतंत्रता एवं सामाजिक न्याय परिषद् (AICHLS) तथा लंदन, बांग्लादेश व भारत की 250 संस्थाओं की संयुक्त भागीदारी द्वारा।
- डॉ.कृति भारती को विश्व स्तर पर स्विट्जरलैंड के जेनेवा में ह्यूमन राइट्स अवार्ड 2022 और मारवाड़ और मेवाड़ रत्न से भी पुरस्कृत किया जा चुका है।
- नोट : बाल विवाह उन्मूलन के अभियान के लिए डॉ. कृति भारती पर अभिनेत्री विद्या बालन के अभिनय में 'शेरनी' फिल्म भी बनाई जा चुकी है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ (उदयपुर) : ग्लोबल** कल्चरल हेरिटेज फिलांथ्रेपी अवॉर्ड।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **महर्षि दयानंद पैनोरमा : अजमेर**<br>■ हाल ही में, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने महर्षि दयानंद सरस्वती की निर्वाण स्थली अजमेर में 'महर्षि दयानंद पैनोरमा' बनाए जाने की घोषणा की।<br>■ **आर्य समाज :** दयानंद सरस्वती द्वारा वर्ष 1875 में मुंबई में स्थापित।<br>■ **परोपकारिणी सभा :** वर्ष 1882-83 में दयानंद सरस्वती द्वारा अपनी रचनाओं और वैदिक ग्रंथों को प्रकाशित करने और उनका प्रचार करने के लिए।<br>■ **साहित्यिक योगदान :** "सत्यार्थ प्रकाश" (वैदिक शिक्षाओं की आलोचनात्मक व्याख्या और विभिन्न हिंदू प्रथाओं और अनुष्ठानों की आलोचना), अन्य पुस्तकों में 'संस्कार विधि', 'ऋग्वेद भाष्यम' आदि शामिल है। |
| 2. | **'डेयरी के स्वर्णिम दो वर्ष : ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त उत्कर्ष' (पुस्तक)**<br>■ **विमोचन :** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा जयपुर स्थित पिंजरापोल गौशाला।<br>■ इस पुस्तक में राज्य सरकार के विगत दो वर्षों में डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र में हुए नवाचार, सहकारिता के विस्तार तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की उपलब्धियों को समाहित किया गया है। |
| 3. | **सरोश खान : 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप कॉम्पिटिशन में स्वर्ण पदक**<br>■ कोटा निवासी सरोश खान ने 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप कॉम्पिटिशन में स्वर्ण पदक जीता।<br>■ **श्रेणी :** स्कीट शूटिंग (शॉटगन इवेंट) मास्टर्स कैटेगरी।<br>■ **आयोजन :** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली।<br>■ **आयोजक :** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया। |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**4.**

## विधायक निधि में भ्रष्टाचार की रोकथाम हेतु समिति का गठन

- हाल ही में, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विधायक निधि में भ्रष्टाचार की रोकथाम हेतु भास्कर सावंत की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय समिति का गठन किया।
- **सदस्य :** जोगाराम (शासन सचिव, पंचायती राज), राजन विशाल (शासन सचिव, वित्त बजट) एवं मनीष गोयल (विशिष्ट सचिव, गृह विभाग) को सदस्य सचिव बनाया गया है।

**5.**

## 7वीं जूनियर स्टेट बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप

- **आयोजन :** 12 से 14 दिसंबर, 2025 तक बाड़मेर में।
- **बालक वर्ग विजेता टीम :** टोंक।
- **बालिका वर्ग विजेता टीम :** चूरू।
- **चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी :** चूरू की विभा और टोंक के हर्षित।

**6.**

## राजस्थान विधान सभा में युवा संसद

- **आयोजन :** 14 दिसम्बर, 2025 को।
- **कुल प्रतिभागी :** 41 जिलों से 164 छात्र और छात्राएँ।
- **चयन :** राज्य के सभी जिलों के राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं में से चयनित युवा।
- इस युवा संसद का आयोजन राजस्थान शिक्षा विभाग के 'प्रबल' (प्रोग्राम टू रिकॉग्नाइज एबिलिटी एंड बिल्ड अप एडोप्टिव लाइफ स्किल फॉर 21st सेंचुरी) कार्यक्रम के तहत् किया गया।

**7.**

## 'बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत' कार्यक्रम : बाराँ




- हाल ही में, बाराँ में 'बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत' कार्यक्रम एवं 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया।
- **विभाग :** जिला प्रशासन, बाराँ और महिला अधिकारिता विभाग, राजस्थान।
- **राजस्थान का लक्ष्य :** वर्ष 2030 तक राज्य को बाल विवाह से पूर्णरूप से मुक्त करना।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**8. लाडली मीडिया एंड एडवर्टाइजिंग अवॉर्ड्स फॉर जेंडर सेंसिटिविटी – 2025**

- हाल ही में, नागौर निवासी कविता स्वामी को लैंगिक संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों पर पत्रकारिता के लिए 'लाडली मीडिया एंड एडवर्टाइजिंग अवॉर्ड्स फॉर जेंडर सेंसिटिविटी 2025' से सम्मानित किया गया है।
- **प्रदानकर्ता :** 'पॉपुलेशन फ़र्स्ट' संस्था द्वारा संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) के सहयोग से।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## कोलसेतु नीति (Coal SETU Policy)

### चर्चा में क्यों?

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग के लिए कोयला लिंकेज (कोलसेतु) की नीलामी नीति को मंजूरी प्रदान की।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### कोलसेतु नीति:

- यह 2016 की गैर-विनियमित क्षेत्रक लिंकेज नीलामी नीति के तहत् कोयले के लिए एक नई नीलामी विंडो बनाती है।
- उद्देश्य: किसी भी तरह के औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए निलामी के आधार पर कोयला लिंकेज का दीर्घकालिक आवंटन करने की अनुमति प्रदान करना।
- अपवाद: कोकिंग कोयले को इस विंडो के तहत् प्रस्तुत नहीं किया जाएगा।
- भागीदारी: कोयले की आवश्यकता वाला कोई भी घरेलू खरीददार लिंकेज नीलामी में भाग ले सकता है।
- व्यापारियों को इस विंडो के तहत् बोली लगाने की अनुमति नहीं है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पोंडुरु खादी

## चर्चा में क्यों?

- आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम ज़िले की पोंडुरु खादी को भौगोलिक संकेतक (GI टैग) की मान्यता प्राप्त हुई है।




## मुख्य बिन्दु:

### संबंधित अतिरिक्त जानकारी:

- पोंडुरु खादी एक हाथ से बुना हुआ कपड़ा है जो स्थानीय रूप से उगाए जाने वाले छोटे रेशे वाले पहाड़ी किस्म के कीट प्रतिरोधी कपास से बनाया जाता है।
- यह कपास रसायन मुक्त होता है, जिससे टिकाऊ कृषि और क्षेत्र की पारंपरिक पर्यावरण अनुकूल उत्पादन विधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### GI टैग

- GI टैग विशिष्ट भौगोलिक मूल से जुड़े उत्पादों की सुरक्षा करता है, जिससे उनके अद्विितय गुणों व विशेषताओं की गारन्टी मिलती है।
- भारत में यह वस्तुओं के भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम-1999 के तहत् प्रदान किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## पैक्स सिलिका पहल

### चर्चा में क्यों?

- पैक्स सिलिका संयुक्त राज्य अमेरिका की नई महत्त्वपूर्ण खनिज विविधिकरण योजना है। भारत को इस पहल से बाहर रखा गया है।




### मुख्य बिन्दु:

- **सदस्य:** जापान, कोरिया गणराज्य, सिंगापुर, नींदरलैण्ड, यूनाइटेड किंगडम, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया।
- **उद्देश्य:** एक सुरक्षित, समृद्ध एवं नवाचारी सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना। इसमें महत्त्वपूर्ण खनिज और ऊर्जा इनपुट से लेकर उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, AI अवसंरचना और लॉजिस्टिक्स शामिल होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ऑपरेशन थंडर - 2025

## चर्चा में क्यों?

- ऑपरेशन थंडर – 2025 के तहत् हजारों जीवित जानवर जब्त किए गए।

## मुख्य बिन्दु:

- **कार्यान्वयन एजेंसी:** इसे इंटरपोल और विश्व सीमा शुल्क संगठन द्वारा इंटरपोल कंसोर्टियम ऑन कॉम्बेटिंग वाइल्डलाइफ एंड फोरेस्ट्री क्राइम के समर्थन से समन्वित किया गया था।
- **उद्देश्य:** वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अवैध रूप से व्यापार किए गए वन्यजीवों और वानिकी उत्पादों को रोकना एवं जब्त करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## महाक्राइमओएस एआई (MahaCrimeOS AI)

### चर्चा में क्यों?

- महाराष्ट्र ने कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग करके बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए महाक्राइमओएस एआई लॉन्च किया।

### मुख्य बिन्दु:

- **प्लेटफॉर्म:** यह एक उन्नत AI को पायलट प्रणाली है।
- इसे माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया गया है। यह अजूर ओपनएआई सर्विस का उपयोग करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## इंडियाज एम्प्लॉयमेंट प्रॉस्पेक्ट्स: पाथवेज टू जॉब्स रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- नेशनल कांउसिल ऑफ एप्लाइड इकॉनॉमिक रिसर्च (NCAER) ने इंडियाज एम्प्लॉयमेंट प्रॉस्पेक्ट्स: पाथवेज टू जॉब्स शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।




### मुख्य बिन्दु:

- यह रिपोर्ट देश में नौकरियों के सृजन के प्रमुख चालक के रूप में कौशल विकास और लघु उद्यमों की भूमिका को रेखांकित करती है।

**रोजगार के प्रमुख रूझान:**

- रोजगार में वृद्धि मुख्य रूप से स्व-रोजगार में बढ़ोतरी के कारण हुई है, जबकि कम कौशल वाले रोजगार से उच्च कौशल वाले रोजगार में परिवर्तन धीमा रहा है।
- अधिकांश लघु उद्यम कम पूँजी, निम्न उत्पादकता और अल्प प्रौद्योगिकी उपयोग के साथ जीवन निर्वाह के स्तर पर परिचालित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- विशेष रूप से सेवाओं में मध्यम कौशल वाली नौकरियाँ रोजगार वृद्धि पर हावी है, जबकि विनिर्माण में कम कौशल वाले श्रम बल की प्रधानता है।
- भारत की व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रणाली को गहन संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

**ये चुनौतियाँ निम्नलिखित है:-**

1. सीटों का पूर्ण रूप से नहीं भरा जाना।
2. अपर्याप्त प्लेसमेंट।
3. प्रशिक्षक पदों का रिक्त होना।
4. कमजोर उद्योग संपर्क।
5. व्यावसायिक शिक्षा को गैर-प्राथमिक विकल्प के रूप में देखने की धारणा बनी हुई है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## सरदार वल्लभभाई पटेल

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री ने भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 75वीं पुण्यतिथि (15 दिसम्बर, 1950) पर श्रद्धांजली अर्पित की।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### अन्य संबंधित तथ्य:

- **जन्म:** 31 अक्टूबर, 1875
- स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री।
- विभिन्न संवैधानिक समितियों का नेतृत्व जैसे- मौलिक अधिकारों पर सलाहकार समिति, अल्पसंख्यक और जनजातीय एवं बहिष्कृत क्षेत्रों पर समिति, प्रांतीय संविधान समिति।
- **भारत रत्न:** 1991, मरणोपरान्त।

### भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान:

1. **खेडा सत्याग्रह:** 1917, गुजरात का खेड़ा जिला
2. **असहयोग आंदोलन:** 1920-22
3. **बारडोली सत्याग्रह, 1928:** अकाल पीड़ित स्थानीय आबादी को समर्थन।
4. **सविनय अवज्ञा आंदोलन, 1930-34:** नमक सत्याग्रह में सक्रिय रूप से भाग लिया।
5. **भारत छोड़ो आंदोलन, 1942:** उन्होनें विरोध प्रदर्शन और हड़तालें, कर भुगतान का बहिष्कार तथा सिविल सेवा बंद करने के लिए प्रेरित किया।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- वर्ष 2014 से राष्ट्रीय एकता दिवस को सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को मनाया जाता है।
- विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण 31 अक्टूबर, 2018 को गुजरात के केवड़िया में सरदार पटेल की 143वीं जयंती के अवसर पर किया गया था।
- प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस सरदार पटेल द्वारा 1947 में स्वतंत्र भारत के सिविल सेवकों के पहले बैच को दिए गए संबोधन की स्मृति में मनाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सम्राट पेरुंबिडुगु मुथारैयार द्वितीय (सुवरन मारन)

## चर्चा में क्यों?

- भारत की राष्ट्रपति ने सम्राट पेरुंबिडुगु मुथारैयार द्वितीय के सम्मान में डाक टिकट जारी किया।




## मुख्य बिन्दु:

- **उपनाम:** शत्रुभयंकर।
- **राजवंश:** मुतरैय्यर राजवंश से संबंधित, जो पल्लवों के सामन्त थे।
- **क्षेत्र:** मध्य तमिलनाडु के कुछ हिस्सों पर शासन किया।
- **अवधि:** 705 ई. से 745 ई. के दौरान।
- **राजधानी:** तिरुचिरापल्ली।
- **सांस्कृतिक संरक्षण:** मंदिर निर्माण, शैव एवं अन्य विद्वानों तथा तमिल संस्कृति को संरक्षण प्रदान किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ब्रिज समिट – 2025**<br><br>■ **विश्व के सबसे बड़े प्रथम मीडिया कार्यक्रम, ब्रिज समिट – 2025 का समापन अबू धाबी राष्ट्रीय प्रदर्शनी केन्द्र में हुआ।**<br>■ **ब्रिज एलांयस एक वैश्विक संगठन है जो मीडिया, प्रौद्योगिकी, राजनीति, वित्त और रचनात्मक उद्योगों के नेताओं को एकजुट करता है, ताकि दुनिया के मीडिया, मनोरंजन और सामग्री पारिस्थितिक तंत्र के लिए लचीला व भविष्योन्मुखी ढाँचा तैयार किया जा सके।** |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR